दैनिक जागरण ०२/१२/२०२५

# एड्स से डरकर नहीं, जागरूकता से लड़ें : डा. रोहित




जीएमएन कालेज में जागरूकता कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी ● विज्ञप्ति

**अंबाला ● विज्ञप्ति** : विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जीएमएन कालेज अंबाला छावनी की यूथ रेडक्रास इकाई एवं जीएनएम कालेज आफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लेते हुए एड्स जागरूकता की शपथ ली। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि एचआइवी व एड्स से डरकर नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि जागरूकता से इसे खत्म करना होगा। डा. राकेश कुमार ने एचआइवी/एड्स के कारणों, लक्षणों, संक्रमण के तरीकों, बचाव उपायों तथा समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान हर्षिता, कमलप्रीत कौर एवं महक तलवार मौजूद रहीं। कालेज में करियर काउंसलिंग सेल द्वारा गार्जियन अस्पताल छावनी, सीआरसी, प्रबंधन विभाग तथा गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज आफ नर्सिंग के सहयोग से स्वस्थ जीवनशैली हेतु नेत्र-देखभाल सुझाव विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।